# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (28 May)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-may-28

- सरकार देश की आधिकारिक **सांख्यिकी प्रणाली** में बड़ा परिवर्तन करने जा रही है। आँकड़े जारी करने वाली दो प्रमुख संस्थाएँ- **केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO)** और नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (NSSO) को मिलाकर नई संस्था बनाई जाएगी, जो सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत काम करेगी। इस नई संस्था का नाम **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO)** होगा, जिसकी अध्यक्षता सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI) के सचिव करेंगे। आपको बता दें कि दोनों संस्थानों के विलय का फैसला वर्ष 2005 में ही ले लिया गया था, लेकिन अब तक इसे अमल में नहीं लाया गया था। विलय के बाद MOSPI के तीनों महानिदेशकों को नए सिरे से काम सौंपा जाएगा जो फिलहाल अर्थिक सांख्यिकी, सामाजिक सांख्यिकी और सर्वे के महानिदेशक पद पर कार्यरत हैं। नई ज़िम्मेदारियों के तहत तीनों महानिदेशक सांख्यिकी, राष्ट्रीय सैंपल सर्वे के साथ ही प्रशासनिक और नीतिगत कार्य संभालेंगे। सरकारी आँकड़ों में बार-बार फेरबदल और इनकी विश्वसनीयता पर संदेह होने की वज़ह से यह निर्णय लिया गया है।
- भारतीय वायुसेना के **AN-32 परिवहन विमान** के बेड़े को 10% **बायो-जेट ईंधन के मिश्रण वाले विमान** ईंधन के इस्तेमाल की अनुमति मिल गई है। इस परिवहन विमान बेड़े को हाल ही में जैव जेट ईंधन के इस्तेमाल के लिये प्रमाणन मिल गया। 'सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्दिनेस एंड सर्टिफिकेशन (CEMILAC) ने रूस में बने विमानों के बेड़े के लिये जैव ईंधन के इस्तेमाल की मंज़ूरी दी। भारतीय वायुसेना ने पिछले एक साल के दौरान हरित विमान ईंधन को लेकर कई आकलन और परीक्षण किये और इन परीक्षणों में अंतर्राष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखा गया। ज्ञातव्य है कि CSIR-IIP प्रयोगशाला, देहरादून ने 2013 में पहली बार स्वदेशी बायो-जेट ईंधन का उत्पादन किया था।
- भारतीय रेल ने **ई-मुद्रा कार्ड लॉन्च** किया है, जो कि वीज़ा कार्ड है। इस कार्ड का इस्तेमाल POS मशीन, ऑनलाइन ट्रांज़ेक्शन और ATM से धन निकालने के लिये किया जा सकता है। लेकिन इस कार्ड को लॉन्च करने का प्रमुख उद्देश्य **रेल टिकट सेवाओं का सरलीकरण** करना है। आम जनता की सुविधा के लिये रेल मंत्रालय द्वारा जारी इस कार्ड से यात्री टिकट खरीद सकते हैं तथा यह कार्ड अन्य प्रकार की खरीदारी के लिये भी प्रयोग किया जा सकता है। इस कार्ड के माध्यम से जनता को तत्काल रिफंड की सुविधा भी मिलेगी, लेकिन इसकी प्रक्रिया लागू होने में अभी कुछ समय लगेगा। अब तक करीब 10 हज़ार कार्ड जारी हो चुके हैं और इसका सबसे अधिक प्रयोग रेल टिकट खरीदने के लिये हुआ है। इसकी वर्चुअल सुविधा गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है, जहाँ से इसका एप डाउनलोड किया जा सकता है। इसके फिजिकल कार्ड का शुल्क 150 रुपए है।
- **सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा** के अध्यक्ष **प्रेम सिंह तमांग** ने सिक्किम के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली, उन्हें पीएस गोले के नाम से भी जाना जाता है। राज्यपाल गंगा प्रसाद ने पलजोर स्टेडियम में उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। फिलहाल वह मौजूदा विधानसभा के सदस्य नहीं हैं क्योंकि उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था। प्रेम सिंह तमांग ने **नेपाली भाषा** में शपथ ली। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की स्थापना 2013 में हुई थी और उसने 32 सदस्यीय सिक्किम विधानसभा में 17 सीटें जीती हैं, जबकि सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट को 15 सीटों पर जीत मिली। ज्ञातव्य है कि सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट 24 से अधिक वर्षों तक सत्ता में बना रहा था और इस दौरान पवन कुमार चामलिंग राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे।

- केंद्र सरकार ने **जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश** को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। इसे जमात-उल-मुजाहिदीन इंडिया या जमात-उल-मुजाहिदीन हिंदुस्तान भी कहा जाता है। गृह मंत्रालय के अनुसार, इस संगठन ने आतंकी वारदातों को अंजाम दिया है, आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दिया है और यह भारत में आतंकी गतिविधियों के लिये युवाओं में कट्टरपंथी भावनाएँ भरने और उनकी भर्ती करने का काम काम करता रहा है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इस संगठन को एवं इसके सभी सहयोगी संगठनों को **गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) कानून, 1967** की पहली अनुसूची में डाला है। इस अनुसूची में नाम शामिल किये जाने का मतलब है कि संगठन अब भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है।
- भारतीय सेना के इन्फैंट्री स्कूल के कमांडेंट **लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनेकर** को दक्षिण सूडान में **संयुक्त राष्ट्र मिशन (UNMISS)** का कमांडर नियुक्त किया गया है। दक्षिणी सूडान में चलाया जा रहा यह दूसरा सबसे बड़ा शांति अभियान है। लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनेकर रवांडा के लेफ्टिनेंट जनरल फ्रैंक कामांजी का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल हाल ही में समाप्त हुआ है। लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनेकर संयुक्त राष्ट्र मिशन के 16 हज़ार शांतिरक्षक सैनिकों की कमान संभालेंगे जिनमें से लगभग 2400 सैनिक भारतीय हैं। यह मिशन 2011 में शुरू किया गया था, जब सूडान से अलग होकर दक्षिण सूडान स्वतंत्र देश बना था। इस मिशन में काम करते हुए अब तक 67 शांति सैनिकों की मौत हो चुकी है। लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनेकर को दक्षिण सूडान की आज़ादी से पहले से ही सूडान में शांति मिशन में काम करने का अनुभव है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अंगोला सत्यापन मिशन-3 में भी काम किया है। उनकी प्रतिष्ठित सेवाओं के लिये उन्हें सेना पदक और विशिष्ट सेवा पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- लिबरल पार्टी के प्रत्याशी और इज़राइल में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत रह चुके **डेव शर्मा** ऑस्ट्रेलिया के संघीय चुनाव में सिडनी उपनगर में एक सीट जीतकर वहाँ की संसद में पहुँचने वाले **पहले भारतवंशी सांसद** बन गए हैं। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी केरिन फेल्प्स को पराजित कर ऑस्ट्रेलिया की संसद में अपने लिये जगह बनाई है। गौरतलब यह भी है कि छह महीने पहले हुए उपचुनाव में केरिन फेल्प्स ने डेव शर्मा को पराजित किया था। डेव शर्मा की यह जीत बताती है कि ऑस्ट्रेलिया के समाज में भारतीय मूल के लोग भी एक ताकत के रूप में उभर रहे हैं, जिनकी संख्या लगभग 7 लाख है। डेव शर्मा 2013 से 2017 के दौरान इज़राइल में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत रहे।